समाचार

खुले निगम के उद्यान व स्वीमिंग पूल

कोरबा 07 जुलाई 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत स्थित समस्त उद्यानों को आमजन के लिए खोल दिया गया है। इसी प्रकार प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम परिसर स्थित निगम का स्वीमिंग पूल भी पूर्व निर्धारित समयानुसार खुला रहेगा, जिसका नियमानुसार उपयोग आमजन कर सकेंगे।

यहां उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण से बचाव एवं नियंत्रण हेतु शासन द्वारा उठाए गए विभिन्न एहतियाती कदमों एवं समय–समय पर जारी आदेशों के परिपालन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने समस्त उद्यानों को भी बंद कर दिया गया था, वहीं स्वीमिंग पूल का संचालन भी बंद कर उसके उपयोग को प्रतिबंधित किया गया था। अब निगम के समस्त उद्यानों को आमनागरिकों के लिए पुनः खोल दिया गया है, इसी प्रकार निगम के स्वीमिंग पूल का संचालन भी आज से प्रारंभ कर दिया गया है, जो पूर्व निर्धारित समयानुसार खुला रहेगा, जिसका नियमानुसार उपयोग आमनागरिक कर सकेंगे।

उद्यानों एवं स्वीमिंग पूल की व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखें– आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने उद्यानों व स्वीमिंग पूल के संचालन के निर्देश देने के साथ ही अधिकारियों से कहा है कि निगम के सभी उद्यानों एवं स्वीमिंग पूल की व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त रखें, वहां पर साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें तथा नियमित रूप से सफाई कराएं, निर्धारित समय पर उद्यान एवं स्वीमिंग पूल खुलें एवं बंद हों, यह सुनिश्चित करें।